दहेज प्रताड़ना से परेशान महिला ने ट्रेन के आगे कूदकर दी जान

लखनऊ (आज समाचार सेवा)। बीबीडी इलाके में विवाहिता शिवानी गौतम (20) ने ट्रेन के आगे कूदकर खुदकुशी कर ली। बाराबंकी फतेहपुर सरदारगंज निवासी पिता विक्रम ने पति, ससुरालीजनों पर दहेज के लिए प्रताड़ना का आरोप लगाया है। बीबीडी पुलिस के मुताबिक तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। बीबीडी पुलिस के मुताबिक बाराबंकी के विक्रम ने बताया कि बेटी शिवानी का विवाह डेढ़ साल पहले बीबीडी दयाराम का पुरवा निवासी विशाल से हुआ था। उनके पांच माह का बेटा है। विशाल निजी सफाईकर्मी है। आरोप लगाया है कि पति विशाल ने शिवानी को शनिवार रात बुरी तरह से पीटा था। इसी से आहत होकर रविवार सुबह छह बजे शिवानी घर से निकली और थोड़ी दूर पर जुग्गौर रेलवे लाइन के पास ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी। पिता विक्रम के मुताबिक आरोपी पति व ससुरालीजन शादी के कुछ दिन बाद से ही बेटी को डेढ़ लाख रुपए नगद, टीवी, फ्रिज बाइक की मांग के लिए मानसिक, शारीरिक रुप से प्रताड़ित करते थे। आए दिन मारते पीटते थे। आरोप है कि करवा चौथ को बेटी शिवानी ने मां अनीता से मेहंदी लगाने के दौरान पति और ससुरालीजनों पर प्रताड़ित करने की बात कही थी। मां ने उसे ससुराल भेजकर बाद में बातचीत की बात कही थी। आरोप है कि शनिवार रात विशाल ने पत्नी शिवानी को बुरी तरह मारा पीटा था।

घरेलू कलह में महिला ने फांसी लगाकर दी जान

लखनऊ (आज समाचार सेवा)। पारा के जलालपुर विक्रम नगर में रविवार देर रात कानपुर के कल्याणपुर निवासी स्वाति (19) ने कमरे में पंखे से दुपट्टे के सहारे फांसी लगा ली। वह पति करन के साथ किराए के मकान में रहती थी। पत्नी को फंदे पर लटका देख पति उसे अस्पताल लेकर पहुंचा, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पारा के अतिरिक्त इंस्पेक्टर बैजनाथ ने बताया कि मानक नगर की स्वाति ने दो साल पहले जलालपुर के करन से प्रेम विवाह किया था। करन पुताई करता है। उनका छह माह का दुधमुंहा बच्चा है। घरवालों ने इस मामले में कोई आरोप नहीं लगाया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

ई रिक्शा चालक की मौत

लखनऊ (आज समाचार सेवा)। बाजारखाला सुप्पा कब्रिस्तान के पास रहने वाला ई रिक्शा चालक रवि गुप्ता (35) शुक्रवार रात सवारी लेकर मलिहाबाद कस्बा गया था। वहां से लौटते समय तेज रफ्तार वाहन ने ई रिक्शे में टक्कर मार दी थी, जिसमें रवि जख्मी हो गया था। उसका इलाज अस्पताल में चल रहा था, जहां शनिवार देर शाम उसकी मौत हो गई।

ट्रेन से कटकर युवक की मौत

लखनऊ (आज समाचार सेवा)। गोसाईंगंज स्थित शिवलर निवासी मुकुल कश्यप (32) की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। चचेरे भाई जय सिंह ने पुलिस को बताया कि मुकुल का काफी समय से मानसिक इलाज चल रहा था। रविवार को घर से करीब तीन किमी. दूर नवाब अली का पुरवा के पास रेलवे लाइन पर उसका क्षत विक्षत शव मिला। परिवार में पत्नी रोशनी, दो बेटे हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया।


ट्रिपल मर्डर में ऋषभ शुक्ला को कारतूस देने वाली 25 हजार की इनामी दिव्या भी गिरफ्तार

लखनऊ (आज समाचार सेवा)। सआदतगंज में 26 अक्तूबर को हुए तिहरे हत्याकांड में फरार 25 हजार की इनामी दिव्या को पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया है। वह मुख्य आरोपित ऋषभ शुक्ला की बहन है। उस पर वारदात के समय घर के अंदर से कारतूस लाकर देने का आरोप है। सआदतगंज में नौबस्ता के ब्राह्मणी टोला में चबूतरे की जमीन के पास कार खड़ी करने के विवाद में ऋषभ शुक्ला ने पड़ोसी शिवाजी तिवारी, उनके भाई शिवेंद्र तिवारी उर्फ शंभू और शिवाजी के बेटे सुयश तिवारी की गोली मारकर हत्या कर दी थी। मामले में ऋषभ शुक्ला, राजेश शुक्ला, गिरीश शुक्ला, दिनेश शुक्ला, मुन्ना बाबू, दिव्या, प्रिया और आदिति के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ था। छह आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। मुख्य आरोपी ऋषभ के चाचा राजेश शुक्ला और दिव्या फरार थी। पुलिस ने दोनों पर 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। शनिवार को पुलिस ने राजेश शुक्ला को गिरफ्तार कर लिया था। दिव्या की गिरफ्तारी के लिए दो टीमें लगी थीं। रविवार को उसे भी पुलिस ने दबोच लिया। **पिस्टल को लेकर ऋषभ से होगी पूछताछः** मुख्य आरोपी ऋषभ शुक्ला ने देसी पिस्टल से तिहरे हत्याकांड को अंजाम दिया था। एक मैगजीन खाली होने पर दूसरी मैगजीन लोडकर गोलियां चलाई थीं। तीनों मृतकों को दो-दो गोलियां लगी थीं। पुलिस को उसके पास से पिस्टल और दो मैगजीन बरामद हुई है। पुलिस उपायुक्त पश्चिमी जितेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि ऋषभ से पिस्टल के बारे में जानकारी जुटाने के लिए पूछताछ की जाएगी। यह पता किया जाएगा कि उसे पिस्टल कहां से मिला। पिस्टल देने वाले पर भी कार्रवाई की जाएगी।

नजूल भूमि पर बना है आरोपी का मकान

लखनऊ, आज समाचार सेवा। सआदतगंज में तिहरे हत्याकांड के आरोपी के मकान का कुछ हिस्सा नजूल की जमीन पर बना है। मकान की बाउंड्रीवाल भी नजूल भूमि के दायरे में पाई गई है। लखनऊ विकास प्राधिकरण की ओर से शुक्रवार को कराए गए टोटल स्टेशन सर्वे की शुरुआती रिपोर्ट में यह तथ्य सामने आया है। हालांकि, अभी विस्तृत रिपोर्ट का इंतजार है। प्राधिकरण ने आरोपी के मकान और उसके आसपास की जमीन की वास्तविक स्थिति जानने के लिए टोटल स्टेशन सर्वे कराया था। इसके जरिए मकान और आसपास की भूमि की सटीक पैमाइश की गई। शुरुआती रिपोर्ट में बताया गया है कि मकान का कुछ निर्माण नजूल की जमीन पर है। इसमें खास तौर पर बाउंड्रीवाल का हिस्सा भी शामिल है। एलडीए सचिव एस पी सिंह ने बताया की सर्वे की विस्तृत रिपोर्ट एक से दो दिनों के भीतर मिलने की उम्मीद है। इसके बाद ही स्पष्ट हो सकेगा कि मकान का कितना हिस्सा और कितनी जमीन नजूल की है। विस्तृत रिपोर्ट के आधार पर प्राधिकरण आगे की कार्रवाई के संबंध में निर्णय लेगा।

एसजीपीजीआई नर्सिंग और हॉस्पिटल अटेंडेंट भर्ती परीक्षा रद्द



लखनऊ,(आज समाचार सेवा)। एसजीपीजीआई नर्सिंग और हॉस्पिटल अटेंडेंट भर्ती के दूसरे चरण की परीक्षा रविवार को सात परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में आयोजित की गई, जिसमें लगभग 8,500 उम्मीदवार शामिल हुए। पहली पाली की परीक्षा के दौरान कुछ केंद्रों पर तकनीकी खराबी आने के कारण, सभी केंद्रों की दोनों पालियों की परीक्षाओं को रद्द करना पड़ा। संस्थान जल्द ही परीक्षा की नई तारीख की घोषणा करेगा। इसकी जानकारी संबंधित उम्मीदवारों को समय रहते दे दी जाएगी। संस्थान द्वारा जारी आदेश में उम्मीदवारों से कहा है कि वे ताज़ा अपडेट और आगे की घोषणाओं के लिए संस्थान की आधिकारिक वेबसाइट नियमित रूप से देखते रहें।

175 समाज सेवी सरदार वल्लभ सम्मान से सम्मानित

लखनऊ,आज समाचार सेवा। सरदार वल्लभ भाई पटेल जयंती के अवसर पर रविवार को मनकामेश्वर मन्दिर वार्ड की पूर्व पार्षद रेखा रोशनी द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। रविवार को आयोजित हुए सम्मान समारोह में 175 समाज सेवियों को लौह पुरुष सरदार वल्लभ सम्मान से सम्मानित किया गया। इस दौरन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक डा नीरज बोरा ने लौह पुरुष सरदार पटेल जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सरदार पटेल जी वर्तमान राजनीति और तीव्र गति से बढ़ते हुए भारत के प्रथम प्रणेता थे। नेता जी सुभाष चंद्र बोस सरदार पटेल प्रेरणा मंदिर पर पहुंचकर डा नीरज बोरा ने सरदार पटेल जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सम्मान समारोह में गोमती नदी स्वच्छता अभियान के स्वयं सेवकों को , आंगनवाड़ी कार्यकत्रीयों को आशा बहुओं को, तथा सफाई कर्मचारियों महिला/पुरुषों को अंग वस्त्र, मोमेंटो इत्यादि देकर सम्मानित किया गया।

पीईटी परीक्षाः दोनो पाली में 9180 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित



लखनऊ। राजधानी में आज कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा पीईटी सम्पन्न हुई।जिलाधिकारी विशाख जी के निर्देशों के क्रम में 45 केन्द्रों पर परीक्षा सम्पन्न हुई।अधीनस्थ सेवा चयनआयोग द्वारा आयोजित प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा पीईटी की सुरक्षा का यह आलम था कि परीक्षा केंद्रों की निगरानी सीसीटीवी कैमरों से की गयी और कंट्रोल रूम से परीक्षा का पल पल निरीक्षण किया गया।आज पहली पाली की परीक्षा सुबह दस बजे शुरू हुई और दोपहर बारह बजे समाप्त हुई। पहली पाली में कुल 19152 पंजीकृत परीक्षार्थियों को शामिल होना था। जिसमें से 14551 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुये। जबकि की प्रथम पाली में 4601 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दिया। पहली पाली में 75.98 प्रतिशत उपस्थिति रहीं। दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर तीन बजे से पांच बजे के बीच सम्पन्न हुई।अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की पीईटी परीक्षा की दूसरी पाली में भी कुल 19152 परीक्षार्थियों को शामिल होना था?। जिसमें कुल 14573 परीक्षार्थीयों ने हिस्सा लिया।दूसरी पाली में 4579 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी।इस प्रकार दूसरी पाली में 76.09 प्रतिशत परीक्षार्थी शामिल हुये। दूसरी ओर देर शाम परीक्षा सम्पन्न होने के बाद रेलवे स्टेशन और बस स्टेशन भारी भीड़ रही और विधानसभा मार्ग और चारबाग तथा कैसरबाग क्षेत्र में जाम लगने से लोग परेशान सुरेश।

कई क्षेत्रों में जाम लगने से हुई परेशानी

गौशाला में काम कर रहे युवक की करंट लगने से मौत

लखनऊ (आज समाचार सेवा)। जानकीपुरम की लक्ष्मण गौशाला में टीन शेड डालने के दौरान बाराबंकी राम नगर के कंदरवाल खुर्द गांव निवासी मजदूर नबी हसन (22) की हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक नबी हसन जानकीपुरम स्थित आदेश मौर्या की वेल्डिंग दुकान पर मजदूरी करता था। आदेश ने पुलिस को बताया कि रविवार सुबह करीब 11 बजे जानकीपुरम की लक्ष्मण गौशाला में टीन शेड डालने का काम चल रहा था। नबी हसन टीन शेड के ऊपर खड़े होकर लोहे का पाइप उठाया। वह लोहे का पाइप गौशाला के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन तार से छू गया, जिसमें नबी झुलस गया। उसे ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। उसके परिवार में पिता मोहम्मद मोबीन, मां हुमेरा, भाई अली हसन, नूर हसन, रमजान, बहन महजबी, कैसर जहां है। बेटे की मौत की खबर मिलते ही घर में कोहराम मच गया।

अवैध उगाई के खिलाफ रैन बसेरे के सामने चक्का जाम

लखनऊ -राजधानी धरना स्थल में फिलहाल, रैन बसेरे फ्री रहते हैं। अपनी माँगों को लेकर विभिन्न जिलों से आईं समूह सखियों को रात्रि रुकना है, ऐसे में सरकार के सहयोग से रैन बसेरे रहते हैं कि बाहर से आए किसी भी प्रदर्शनकारी को असुविधा न हो,परन्तु कुछ बड़े नौकरशाहों से जुड़े रैन-बसेरे महिलाओं की भीड़ देखकर तो धन उगाही में लग गए।वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। रेन बसेरे फ्री होने के बाद भी 200 से 300 प्रति बेड की अवैध उगाई की जा रही हैग्रामीण आजीविका मिशन उत्तर प्रदेश समूह सखी आजीविका मिशन उत्तर प्रदेश समूह सखी द्वारा लखनऊ इको गार्डन गीता पल्ली के सामने आज रात्रि रैन बसेरे में अवैध उगाई के खिलाफ रैन बसेरे के सामने चक्का जाम किया।

सआदतगंज में युवक की सरेराह हत्या के बाद चाकूबाजी, दो जख्मी

लखनऊ (आज समाचार सेवा)। पश्चिमी जोन के सआदतगंज इलाके में पुलिस अपराध रोकने में नाकाम साबित हो रही है। पुलिस गश्त न होने से अपराधी ताबड़तोड़ हत्या, चाकूबाजी जैसी वारदात कर रहे हैं। तिहरे हत्याकांड के पांच दिन बाद चंद घंटों में धारदार हथियार से हमलाकर सरेराह दूध विक्रेता रेहान गाजी (25) की हत्या कर दी गई। इस हत्या की घटना के चंद घंटे बाद ही दो युवकों के बीच खुलेआम चाकूबाजी हुई, जिसमें दोनों युवक बुरी तरह से जख्मी हो गए। दोनों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सआदतगंज की जेटी पुलिस चौकी इलाके में शनि बेकरी के पास दो कर्मचारियों के बीच शनिवार देर रात विवाद के बाद चाकूबाजी हो गई। बाजारखाला एसीपी रंजीत कुमार ने बताया कि शनिवार देर रात शनि बेकरी के पास दो युवकों में विवाद के दौरान चाकू चल गया है। सूचना पर पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची। लहूलुहान आदर्श आलिया और राजेश कुमार को अस्पताल में भर्ती कराया गया। दोनों रायबरेली के एक ही गांव के रहने वाले हैं। दोनों शनि बेकरी पर काम करते और वहीं रहते हैं। पुलिस के मुताबिक शनिवार को दोनों ने अत्यधिक शराब पी रखी थी। किसी बात को लेकर दोनों में गाली गलौज और कहासुनी होने लगी। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों ने एकदूसरे पर चाकू से हमला कर दिया। घटना से संबंधित साक्ष्य जुटाए गए हैं। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

यातायात माह शुरू, सीपी ने दिखाई बाइक रैली को हरी झंडी

लखनऊ।राजधानी की सड़कों पर रफ्तार का कहर रोकने के लिए लखनऊ पुलिस ने कमर कस ली है। राजधानी में यातायात माह-2026 की रविवार को शुरुआत हो गई। पुलिस आयुक्त तरुण गाबा ने रिजर्व पुलिस लाइन से 400 बाइक सवारों की जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर इसका आगाज किया।पूरा नवंबर अब ट्रैफिक नियमों के नाम रहेगा। पुलिस लाइन में हुए शुभारंभ कार्यक्रम में पहले गोष्ठी हुई, फिर नुक्कड़ नाटक के जरिए लोगों को समझाया गया कि एक छोटी सी चूक, बिना हेलमेट, तेज रफ्तार, रॉन्ग साइड और मोबाइल पर बात करते हुए गाड़ी चलाना कैसे पूरे परिवार की खुशियां छीन लेता है।कार्यक्रम में संयुक्त पुलिस आयुक्त बब्लू कुमार, डीसीपी यातायात अनिल यादव, डीसीपी मध्य अर्पित विजयवर्गीय समेत परिवहन विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।हरी झंडी के बाद निकली रैली में शामिल सभी 400 बाइकर्स ने हेलमेट पहनकर नियमों के पालन का संदेश दिया। रैली के जरिए पुलिस ने साफ कहा - दो पहिया पर आगे-पीछे दोनों के लिए हेलमेट जरूरी है, कार में सीट बेल्ट, नशे में गाड़ी नहीं, मोबाइल से दूरी और एंबुलेंस-फायर ब्रिगेड को तुरंत रास्ता दें।

इंटीग्रल विश्वविद्यालय के बीटेक छात्र को गोली मारी, बम फेंका

लखनऊ (आज समाचार सेवा)। गुडम्बा इलाके में इंटीग्रल विश्वविद्यालय के पास शनिवार देर रात बेखौफ हमलावरों ने बीटेक छात्र आयाज इमाम खान उर्फ अरबाज पर जानलेवा हमला कर दिया। फास्ट फूड की दुकान पर मौजूद छात्र पर सात युवकों ने ताबड़तोड़ फायरिंग करके सुतली बम भी फेंके। हमले में छात्र को चार गोलियां लगीं। गंभीर हालत में उसे पहले इंटीग्रल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से केजीएमयू ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया। गुडम्बा पुलिस के मुताबिक बिहार के सिवान सोनबरसा निवासी आयाज इमाम खान उर्फ अरबाज इंटीग्रल विश्वविद्यालय से बीटेक कम्प्यूटर साइंस अंतिम वर्ष की पढ़ाई कर रहा है। पीड़ित छात्र के मुताबिक शनिवार रात करीब पौने 12 बजे वह विश्वविद्यालय के पास सोनू फास्ट फूड की दुकान पर मौजूद था। इसी दौरान अभिषेक ठाकुर, राशिद जमाल, सुहैल, राहुल, नफीस, अब्दुल्लाह और दानिश वहां पहुंचे। आरोप है कि सातों युवक ने जान से मारने की नीयत से उस पर अंधाधुंध फायरिंग की। फायरिंग में चार गोलियां लगने से आयाज गंभीर रुप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़ा। अचानक गोली चलने और बम फेंके जाने से मौके पर भगदड़ मच गई। वहां मौजूद साथी छात्रों ने घायल को अस्पताल पहुंचाया।

रात्रि गश्त से गायब मिलने पर दो दारोगा व सिपाही लाइन हाजिर

लखनऊ (आज समाचार सेवा)। लखनऊ कमिश्नरेट में रात की गश्त और कानून-व्यवस्था संभालने की जिम्मेदारी संभाल रहे पुलिसकर्मी ही ड्यूटी से नदारद मिले। डीसीपी की आकस्मिक चेकिंग में पांच पुलिसकर्मियों की लापरवाही और गैरहाजिरी उजागर हुई। इस पर पुलिस आयुक्त तरुण गाबा के निर्देश पर एक चौकी प्रभारी समेत दो दरोगा व एक सिपाही को लाइन हाजिर कर दिया गया। वहीं, दो चौकी प्रभारियों को थाने से संबद्ध कर दिया गया। पुलिस आयुक्त तरुण गाबा के निर्देश पर पूर्वी, दक्षिणी और मध्य जोन में रात की गश्त और ड्यूटी की अचानक जांच कराई गई थी। इस दौरान पूर्वी जोन में गाजीपुर थाने की अरावली चौकी प्रभारी महिला उपनिरीक्षक अर्चना और चिनहट थाने की कमता चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक शशिकांत ड्यूटी पर नहीं मिले। दोनों को तत्काल प्रभाव से चौकी प्रभारी के पद से हटाकर थाने से संबद्ध कर दिया गया। वहीं, दक्षिणी जोन में सरोजनीनगर थाने में तैनात उपनिरीक्षक आशीष कुमार और सिपाही सतेंद्र यादव रात की ड्यूटी से गैरहाजिर मिले। दोनों को लाइन हाजिर कर दिया गया। मध्य जोन में महानगर थाने की निशातगंज चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक सत्येंद्र कुमार भी रात्रि गश्त में गैरहाजिर पाए गए। उन्हें भी लाइन हाजिर कर दिया गया। गश्त में लापरवाही पर अब सीधे कार्रवाई पुलिस आयुक्त तरुण गाबा ने साफ निर्देश दिया है कि रात की गश्त में लापरवाही और ड्यूटी से गायब रहने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

14वां राष्ट्रीय बाल मूत्ररोग चिकित्सा सम्मेलन सम्पन्न

लखनऊ,(आज समाचार सेवा)। किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय केजीएमयू के पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग द्वारा 14वां राष्ट्रीय बाल मूत्ररोग चिकित्सा सम्मेलन - 2026 रविवार को सम्पन्न हो गया। यह जानकारी देते हुए विवि के प्रवक्ता डॉ केके सिंह ने बताया कि इसै राष्ट्रीय सम्मेलन में लगभग 300 प्रतिष्ठित चिकित्सक, बाल शल्य चिकित्सा विशेषज्ञ, चिकित्सा शिक्षक एवं शोधकर्ता तथा विदेशों से भी चिकित्सक सम्मिलित हुए। अटल बिहारी वाजपेई सांइटिफिक कन्वेंशन सेन्टर में आयोजित इस कान्फ्रेंस में बच्चों में मूत्र रोग से सम्बन्धित जैसे गुर्दे में पेशाब के रूकावट का आपरेशन, बच्चों में गोली का ऊपर हो जाना एवं पेषाब का रास्ता अपने स्थान पर न होकर अन्य स्थान पर होना जैसी समस्याओं के 04 आपरेशनों को विभिन्न विधियों द्वारा ओटी से सीधा प्रसारण भी किया गया, जिसे वहां उपस्थित चिकित्सक डेलिगेट्स के द्वारा अत्याधिक सराहा गया। इसके अलावा हॉल बी एवं हॉल सी में मूत्ररोग से सम्बन्धित शोध पत्र प्रस्तुत किये गये। सम्मेलन का उद्देश्य बच्चों में मूत्ररोग चिकित्सा के क्षेत्र में नवीनतम चिकित्सा तकनीकों, आधुनिक उपचार पद्धतियों, अनुसंधान एवं चिकित्सकीय अनुभवों का आदान-प्रदान करना है। केजीएमयू के पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग के प्रो. एवं विभागाध्यक्ष डा जेडी रावत ने 2026-27 के लिए राष्ट्रीय सोसाइटी आफ पीडियाट्रिक यूरोलाजी के चेयरपर्सन का पद ग्रहण किया। कान्फ्रेंस के आर्गनाइजिंग चेयरमैन डा.शिव नरायन कुरील ,प्रोफेसर, पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग, केजीएमयू तथा आर्गनाइजिंग सेक्रेटरी डा जेडी रावत, प्रो.एवं विभागाध्यक्ष, पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग, केजीएमयू एवं उनकी टीम की देखरेख में सम्पन्न हुआ।

दिव्यांग बच्चों ने सजाया दिवाली मेला

लखनऊ,आज समाचार सेवा। निराला नगर स्थित दिव्यांग बच्चों की संस्था परवरिश स्कूल में रविवार को दिवाली मेले का आयोजन किया गया। मेले में दिव्यांग बच्चों ने अपने हुनर और रचनात्मक प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। बच्चों की ओर से तैयार की गई हस्तनिर्मित वस्तुओं और खाद्य सामग्री के स्टॉल आकर्षण का केंद्र रहे। मेले का उद्घाटन मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष विकलांग साथी ट्रस्ट श्री विश्वकांत मिश्र और विशिष्ट अतिथि प्रदेश अध्यक्ष विजय विश्व, संयुक्त सचिव केपी मिश्र तथा परवरिश स्कूल की निदेशिका कुसुम सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मेले में बच्चों ने व्यावसायिक प्रशिक्षण के तहत तैयार किए गए तोरण, झालर, बैग, कुशन कवर और डोरमैट सहित कई आकर्षक उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई। इसके अलावा बच्चों ने मिनी आटा चक्की मशीन की सहायता से बेसन, मक्के का आटा और मल्टीग्रेन आटा तैयार करने का हुनर भी दिखाया। वहीं, मसाला पीसने वाली मशीन से गर्म मसाला, सब्जी मसाला और हल्दी पाउडर सहित विभिन्न खाद्य सामग्री तैयार की गई। मेले में इन सभी उत्पादों की बिक्री भी की गई। मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथियों ने बच्चों द्वारा बनाए गए सामान की खरीदारी कर उनका उत्साहवर्धन किया।

विदा हुआ अर्नब चक्रवात, अब दो से चार डिग्री तक गिरेगा पारा

लखनऊ-उत्तर प्रदेश में चक्रवात अर्नब का असर अब लगभग खत्म हो गया है। रविवार को विंध्य क्षेत्र को छोड़कर प्रदेश के ज्यादातर हिस्सों से मौसम साफ हो गया। इसके साथ ही अब दिन में धूप तेज होने और तापमान बढ़ने का सिलसिला शुरू होगा। हालांकि रातें पहले के मुकाबले ठंडी होंगी। सुबह के समय कई जिलों में हल्के से मध्यम कोहरा भी छा सकता है।मौसम विभाग के अनुसार, सोमवार से सोनभद्र और पूर्वी यूपी के कुछ हिस्सों को छोड़कर प्रदेश के ज्यादातर इलाकों में मौसम शुष्क रहेगा। अगले तीन दिनों में दिन के तापमान में करीब पांच डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी होने का अनुमान है।

जटिल ट्यूमर का बिना मस्तिष्क खोले सफल ऑपरेशन

लखनऊ। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी (सिविल) चिकित्सालय, लखनऊ ने विनोद कुमार तिवारी ने अत्याधुनिक न्यूरो सर्जरी के क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। माइक्रोस्कोपिक ट्रांसनेजल ट्रांसस्फेनॉइडल तकनीक का उपयोग करते हुए पिट्यूटरी मैक्रोएडेनोमा ट्यूमर को सफलतापूर्वक निकाल दिया। इस जटिल ऑपरेशन की विशेष उपलब्धि यह रही कि मरीज के सिर की हड्डी खोले बिना नाक के रास्ते ट्यूमर तक पहुंच बनाई गई। ऑपरेशन के बाद मरीज की पहले से प्रभावित आंखों की रोशनी में उल्लेखनीय सुधार हुआ और उसकी दृष्टि वापस लौट आई।प्राप्त जानकारी के अनुसार, मरीज देवरिया निवासी है जो दुबई में कुछ कार्य करता है । पिट्यूटरी ग्रंथि में ट्यूमर का आकार काफी बढ़ जाने के कारण उनकी दृष्टि लगातार प्रभावित हो रही थी। इस स्थिति में समय पर विशेषज्ञ उपचार और सर्जरी बेहद महत्वपूर्ण थी। पिट्यूटरी ग्रंथि मस्तिष्क के आधार पर स्थित एक महत्वपूर्ण अंत:स्रावी ग्रंथि है। इसमें ट्यूमर बढ़ने पर आसपास की ऑप्टिक नसों पर दबाव पड़ सकता है, जिससे दृष्टि कमजोर होने या दृष्टि क्षेत्र प्रभावित होने जैसी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। बड़े पिट्यूटरी ट्यूमर का ऑपरेशन तकनीकी रूप से चुनौतीपूर्ण होता है और इसके लिए विशेष प्रशिक्षण एवं अनुभव की आवश्यकता होती है।इस ऑपरेशन में नाक के रास्ते स्फेनॉइड साइनस से होते हुए पिट्यूटरी ग्रंथि तक पहुंच बनाई गई। माइक्रोस्कोप की सहायता से ट्यूमर को निकालने की प्रक्रिया पूरी की गई।नाक के रास्ते की जाने वाली ट्रांसस्फेनॉइडल सर्जरी का उद्देश्य ट्यूमर तक सीधे पहुंच बनाते हुए आसपास की महत्वपूर्ण संरचनाओं को सुरक्षित रखना होता है। मरीज की दृष्टि में ऑपरेशन के बाद हुआ सुधार इस उपचार की महत्वपूर्ण उपलब्धि है।डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी (सिविल) चिकित्सालय, लखनऊ में संपन्न यह जटिल सर्जरी दर्शाती है कि सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में भी विशेषज्ञ चिकित्सकों के प्रयासों से गंभीर बीमारियों का उन्नत उपचार उपलब्ध कराया जा सकता है। ऐसी उपलब्धियां मरीजों का सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति विश्वास बढ़ाने और उन्हें विशेषज्ञ उपचार के लिए प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।



डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी (सिविल) चिकित्सालय, लखनऊ में न्यूरो सर्जरी के क्षेत्र में एक और बड़ी उपलब्धि

साइबर अपराध में प्रयोग होने वाले अवैध सिम बॉक्स बरामद

साइबर क्राइम सेल की संयुक्त टीम ने शहर में चार ठिकानों पर की छापेमारी

लखनऊ (आज समाचार सेवा)। डिजिटल अरेस्ट और अन्य साइबर अपराधों में इस्तेमाल होने वाले अवैध सिम बॉक्स नेटवर्क के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। साइबर थाना और साइबर क्राइम सेल की संयुक्त टीम ने 31 अक्टूबर को शहर के चार अलग-अलग ठिकानों पर छापेमारी करके छह अवैध 32-पोर्ट सिम बॉक्स, 3 वीपीएन गेटवे और 192 सिम स्लॉट समेत बड़ी संख्या में इलेक्ट्रॉनिक सामान बरामद किए हैं। पुलिस को आशंका है कि इन उपकरणों का इस्तेमाल इंटरनेट आधारित कॉलिंग के जरिए साइबर अपराधों को अंजाम देने में किया जा रहा था।एडीसीपी क्राइम किरन यादव के मुताबिक, अवैध रूप से संचालित सिम बॉक्स के सम्बंध में तकनीकी सूचना मिली थी। इसके बाद संदिग्ध मोबाइल नंबर की कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) और अन्य टेक्निकल साक्ष्यों का विश्लेषण किया गया। दूरसंचार



और इंटरनेट सेवा प्रदाता कंपनियों से मिली जानकारी के आधार पर संदिग्ध हाईस्पीड इंटरनेट कनेक्शन और उनसे जुड़े स्थान चिन्हित किए गए। इसके बाद पुलिस की विशेष टीमें बनाकर कार्रवाई की गई। यहां हुई छापेमारी: पुलिस टीमों ने सुशांत गोल्फ सिटी के स्वाति अपार्टमेंट, पारा के आदर्श विहार स्थित आशीर्वाद बिल्डिंग, बीबीडी के गोल्ड लाइन अपार्टमेंट और चिनहट के आदर्श नगर स्थित जीजे पैराडाइज में तलाशी अभियान चलाया। यहां से छह अवैध 32-पोर्ट सिम बॉक्स, तीन वीपीएन गेटवे, 21 स्मार्ट स्विच, तीन स्मार्ट हब, चार इनवर्टर/यूपीएस, 18 बैटरियां, एक लॉक टैबलेट और 192 सिम स्लॉट बरामद हुए। इसके अलावा वाई-फाई राउटर, कैमरे और अन्य नेटवर्किंग उपकरण भी मिले हैं।एक साथ कई सिम से की जा सकती है कॉलिंग: एडीसीपी क्राइम के मुताबिक, 32-पोर्ट सिम बॉक्स में एक साथ कई सिम कार्ड लगाए जा सकते हैं। इनके जरिए इंटरनेट आधारित कॉल को मोबाइल नेटवर्क के माध्यम से संचालित किया जा सकता है। ऐसी व्यवस्था का इस्तेमाल बड़ी संख्या में कॉल करने और कॉल के वास्तविक स्रोत को छिपाने में किया जा सकता है। डिजिटल अरेस्ट के मामलों में साइबर अपराधी खुद को पुलिस, सीबीआई या अन्य सरकारी एजेंसियों का अधिकारी बताकर लोगों को डराते हैं। लगातार फोन कॉल कर उन्हें मानसिक दबाव में रखते हैं और रुपये ट्रांसफर कराते हैं। पुलिस को आशंका है कि बरामद सिम बॉक्स का इस्तेमाल भी इसी तरह के साइबर अपराधों में किया जा सकता है।उपकरणों की तकनीकी जांच शुरू: पुलिस बरामद सभी डिजिटल और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की तकनीकी जांच करा रही है। इनके जरिए इस्तेमाल किए गए सिम कार्ड, कॉलिंग पैटर्न और नेटवर्क से जुड़े लोगों की जानकारी जुटाई जाएगी। मामले में साइबर थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच कर रही है।